आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 250 | उज्जैन, बुधवार 30 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# अपराध कैसे भी हों पुलिस त्वरित एक्शन सुनिश्चित करे-मुख्यमंत्री

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनविश्वास की भावना मजबूत करने के निरंतर हों प्रयास



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। अपराध नियंत्रण के कार्यों और नवाचारों में अनेक दृष्टि से मध्यप्रदेश आगे भी है। इस स्थिति को भी बेहतर बनाने के प्रयास हों। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अविश्वास पूरी तरह खत्म करना है। सभी वर्गों का विकास और सभी का हित सुनिश्चित करना है। विकास एवं सुरक्षा को पूरी प्राथमिकता देते हुए जन विश्वास को सशक्त बनाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

**पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक हो**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरों में प्रमुख मार्गों पर स्टंट करने वालों, हथियार लहराने वालों, गौवंश पर अत्याचार या नशे से जुड़े अपराधों में लिप्त तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो। पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक होना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न तरह के प्रकरणों में गृह विभाग और विधि विभाग समन्वय से आवश्यक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य पूर्ण करें। नए कानूनों के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की सक्रिय भूमिका पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अपराध नियंत्रण के कार्यों और गतिविधियों में मध्यप्रदेश के प्रयासों और नवाचारों की भारत सरकार ने प्रशंसा की है। यह स्थिति कायम भी रहे और इसका स्तर और भी ऊंचा हो, ऐसे प्रयास किए जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत जहां नक्सली तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है, वहां सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है। गत 14 जून को बालाघाट जिले में 4 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए।

# बारिश में सब बह गया..., 4000 टन कोयला गायब होने पर मेघालय के मंत्री का अजीबोगरीब दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेघालय में 4000 टन गायब हुआ कोयला चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद मेघालय के मंत्री ने कोयला खोने के पीछे की वजह तेज बरसात को बताया है। उनका कहना है कि कोयला शायद तेज बारिश में बह गया होगा।

मेघालय हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कोयला गायब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। मेघालय सरकार में उत्पाद शुल्क मंत्री किरमेन शायला ने अब इसपर चौंकाने वाला जवाब दिया है।

मंत्री ने क्या कहा- मीडिया से बातचीत के दौरान मेघालय के उत्पाद शुल्क मंत्री किरमेन शायला ने कहा, मेघालय में मूसलाधार बारिश हुई। किसे पता, शायद तेज बरसात में सारा कोयला बह गया हो? इसके आसार काफी अधिक हैं।

किरमेन शायला के अनुसार- मैं सिर्फ बारिश को दोष नहीं दे रहा हूं। यह हो भी सकता है और नहीं भी। कोई नहीं जानता की असली कारण क्या है?

लोग राज्य को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे- किरमेन शायला ने आगे कहा, हो सकता है किसी ने रोजी-रोटी के लिए कोयला लिया हो। क्योंकि कोई भी अपने राज्य को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा नहीं करेगा। जब सरकार ने साइंटिफिक माइनिंग की बात कही थी सभी बहुत खुश थे।

# जब पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते तो पाक के साथ क्रिकेट मैच क्यों, केंद्र पर बरसे ओवैसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के खिलाफ सख्त आवाज उठाई है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के महज पांच महीने बाद इस मैच को देखना उनका जमीर को गवारा नहीं करता।

एशिया कप 2025 का शेड्यूल तीन दिन पहले जारी हुआ, जिसमें 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला तय है। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर खास चर्चा के दौरान ओवैसी ने अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान के जहाज हमारे आसमान में नहीं आ सकते, उनकी कश्ती हमारे पानी में नहीं आ सकती, व्यापार बंद है, तो फिर क्रिकेट मैच कैसे खेल सकते हैं? हम कहते हैं कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, फिर भी आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलेंगे?

ओवैसी ने जोर देकर कहा, मेरा जमीर मुझे उस मैच को देखने की इजाजत नहीं देता।

# उनके पास से मेड इन पाकिस्तान चॉकलेट मिली, पहलगाम के आतंकियों का कैसे हुआ सफाया? अमित शाह ने सदन में बताई सारी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के दोषियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीन खतरनाक आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें से एक लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था।

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि मारे गए आतंकियों के नाम सुलेमान, अफगानी और गिबरान हैं। तीनों लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे और ए-लिस्ट आतंकियों की सूची में शामिल थे। सुलेमान ही पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड था।

मारे गए तीनों मुख्य आतंक- उन्होंने कहा, जो लोग बैसरन घाटी में हमारे नागरिकों की हत्या के जिम्मेदार थे वे तीनों अब मारे जा चुके हैं। गृह मंत्री ने सुरक्षाबलों को इस सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी।

उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले के कुछ ही घंटों के बाद वे खुद श्रीनगर पहुंचे और लगातार दो दिन तक सुरक्षा समीक्षा बैठक की। 22 मई को खुफिया एजेंसी को सूचना मिली कि ये आतंकी दचिगाम इलाके में छिपे हुए हैं। इसके बाद ढ्ढक्च और सेना ने आतंकियों की बातचीत को ट्रैक करने के लिए खास मशीनों का इस्तेमाल किया।

22 जुलाई को पुष्टि हो गई कि आतंकी इसी इलाके में हैं। इसके बाद सेना, सीआरपीएफ और पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन शुरू किया और तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया।

# सोशल मीडिया पर आलोचना करने वाले सरकारी कर्मचारियों की अब खैर नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार ने गोपनीय जानकारी के लीक होने और झूठी खबरों को रोकने के लिए एक सख्त कदम उठाया है।

सरकार ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन नियमों का पालन न करने वालों को सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

ये गाइडलाइंस महाराष्ट्र सिविल सर्विसेज (कंडक्ट) रूल्स, 1979 के तहत लागू होंगी। इनका उल्लंघन करने पर महाराष्ट्र सिविल सर्विसेज (डिसिप्लिन एंड अपील) रूल्स, 1979 के तहत कार्रवाई होगी।

ये नियम राज्य सरकार, स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, बोर्ड, निगम, सार्वजनिक उपक्रमों और डेपुटेशन या कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त कर्मचारियों पर लागू होंगे।

सोशल मीडिया का समझदारी से इस्तेमाल जरूरी- सरकार ने साफ किया है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करना होगा। निजी और ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स को अलग रखना अनिवार्य है। केंद्र या राज्य सरकार की ओर से बैन की गई वेबसाइट्स या ऐप्स का इस्तेमाल हरगिज नहीं किया जाएगा। सरकारी योजनाओं और पहलों को बढ़ावा देने के लिए केवल आधिकारिक और अधिकृत प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल होगा।

# अंडमान और निकोबार द्वीप में देर रात कांपी धरती, 6.2 तीव्रता का आया भूकंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सोमवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। समाचार एजेंसी रायटर्स ने जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के हवाले से बताया कि इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई। भूकंप समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर गहराई में आया। हालांकि अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है. अंडमान सागर और उसके आसपास के द्वीप क्षेत्र भूकंपीय रूप से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं और सुनामी का भी खतरा बना रहता है।

# दूसरों का विरोध करना... कट्टर हिन्दू होने का मतलब क्या? संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दूर की गलतफहमी



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स्) प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि ''कट्टर हिंदू होने का मतलब दूसरों का विरोध करना नहीं है'' और हिंदू धर्म का सार सभी को गले लगाने में निहित है। आरएसएस से जुड़े 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' की ओर से आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन 'ज्ञान सभा' को संबोधित करते हुए भागवत ने मजबूत धार्मिक पहचान के बारे में एक 'आम गलतफहमी' को दूर करने की कोशिश की।


उन्होंने दावा किया, ''अक्सर यह गलतफहमी होती है कि कट्टर हिंदू होने का मतलब दूसरों को गाली देना है। ऐसी गलतफहमी हो सकती है।'' भागवत ने कहा, ''सच्चा हिंदू होने का मतलब किसी का विरोध करना नहीं है, न ही इसका मतलब यह है कि हमें यह कहकर जवाब देना होगा कि हम हिंदू नहीं हैं। हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदू होने का सार सभी को गले लगाना है।'' उन्होंने कहा, ''जो कोई हिंदुओं को एकजुट करना चाहता है, उसे इस सार का ध्यान रखने की जरूरत है।''

उन्होंने कहा कि इस संसार में दो प्रकार के ज्ञान हैं - विद्या (सच्चा ज्ञान) और अविद्या (अज्ञान) - और दोनों ही व्यक्ति के भौतिक जीवन और आध्यात्मिक खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दोनों के महत्व को मानता है। भागवत ने कहा कि भारत आध्यात्मिकता की भूमि है और इस देश की राष्ट्रवाद की भावना अत्यंत पवित्र है।

उनके अनुसार, एक सच्चा विद्वान वह नहीं है, जो केवल एक कमरे में बैठकर चिंतन करता है, बल्कि वह है जो विचार को कार्य में परिणत करता है और उसे अपने अनुभवों के माध्यम से प्रदर्शित करता है। आयोजकों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भागवत ने कहा कि मैकाले द्वारा प्रचारित औपनिवेशिक शिक्षा मॉडल आज के भारत के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बजाय सत्य और करुणा पर आधारित भारतीय शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विश्व कल्याण के लिए भारत की विशाल क्षमता को जागृत करना संभव है। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र परिवर्तन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत कर्तव्य की भावना से कार्य करना चाहिए।

# अमेरिका में फ्लाइट लैंड होते ही भारतीय मूल का पायलट गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में भारतीय मूल के एक पायलट को सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। 34 साल के रुस्तम भगवागर डेल्टा एयरलाइंस के को-पायलट थे और उन्हें यौन उत्पीड़न के एक मामले में रविवार सुबह लगभग 7 बजे फ्लाइट लैंड होने के 10 मिनट बाद गिरफ्तार किया गया।

कॉन्ट्रा कोस्टा काउंटी शेरिफ विभाग के अधिकारियों और होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन के एजेंटों ने डेल्टा फ्लाइट 2809, बोइंग 757-300 के मिनियापोलिस से आने के तुरंत बाद ही कॉकपिट पर धावा बोल दिया। यूएसए टुडे के मुताबिक, रुस्तम की गिरफ्तारी उस समय हुई जब यात्री विमान से उतरने की तैयारी कर रहे थे।

को-पायलट को हथकड़ी लगाकर ले गए- चश्मदीदों का कहना है कि जैसे ही विमान खड़ा हुआ, कम से कम 10 एजेंट फ्लाइट में चढ़ गए और पायलट को कस्टडी में ले लिया। एक यात्री ने सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल को बताया, अधिकारी और एजेंट बैज, बंदूकें और अलग-अलग एजेंसी के जैकेट/चिह्नों के साथ गलियारे से होते हुए कॉकपिट में घुस गए और वो को-पायलट को हथकड़ी लगाकर ले गए।

रुस्तम का साथी पायलट भी रह गया हैरान- रुस्तम भगवागर के साथी पायलट का कहना है कि वह हैरान था और उसे रुस्तम की गिरफ्तारी के बारे में कुछ नहीं पता था। उसे गिरफ्तारी के बारे में शायद इसलिए नहीं बताया होगा कि डर था कि कहीं वो भगवागर को खबर न कर दे, क्योंकि एजेंट उसे बिना जानकारी दिए ही गिरफ्तार करना चाहते थे।

कॉन्ट्रा कोस्टा शेरिफ के फेसबुक पोस्ट के मुताबिक, एक बच्चे के खिलाफ यौन अपराधों की रिपोर्ट मिलने के बाद से जासूस अप्रैल 2025 से जांच कर रहे हैं। बाद में संदिग्ध के लिए गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया गया।

भगवागर की गिरफ्तारी अप्रैल में 10 साल से कम उम्र की एक बच्ची के साथ मौखिक संभोग के पांच मामलों में संदिग्ध के रूप में पहचाने जाने के बाद हुई है। वह वर्तमान में मार्टिनेज डिटेंशन फैसिलिटी में बंद है और उसकी जमानत 50 लाख डॉलर तय की गई है।

# अहमदाबाद की तरह अमेरिका में बोइंग 787 का हवा में इंजन फेल, उड़ान भरते ही पायलट बोला- मेडे, मेडे




नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद में बोइंग का विमान क्रैश होने के बाद अमेरिकी में भी इसी तरह की घटना सामने आई, जहां 787-8 ड्रीमलाइनर के उड़ान भरते ही इंजन फेल हो गया। इसके बाद पायलट को मेडे की घोषणा करनी पड़ी और विमान में हड़कंप मच गया।


घटना पिछले हफ्ते उस वक्त घटी जब यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट यूए108 25 जुलाई को ट्रांसअटलांटिक के लिए वॉशिंगटन डलेस एयरपोर्ट से उड़ान भर रहा था, तभी उसका बायां इंजन खराब हो गया और पायलट को मेडे घोषित करना पड़ा।

हवा में हुआ इंजन खराब- फ्लाइट ने जैसे ही वॉशिंगटन डलेस से उड़ान भरकर 5 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचा, इसके कुछ ही देर बाद इंजन में खराबी की जानकारी मिली। चालक दल ने तुरंत आपातकाल की घोषणा की और सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एअर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के साथ मिलकर काम किया।

फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के मुताबिक, फ्लाइट दो घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा और वॉशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में सुरक्षित रूप से ईंधन निकालने के लिए चक्कर लगाता रहा। इसके बाद फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हो पाई। इस दौरान फ्लाइट के पायलटों ने विमान के वजन को नियंत्रित करने के लिए 6 हजार फीट की ऊंचाई बनाए रखी और एटीसी से फ्यूल डंपिंग के लिए लगातार अनुरोध किया।

खींचकर रनवे से हटाना पड़ा विमान- ईंधन डंपिंग पूरी होने के बाद पायलटों ने रनवे 19 सेंटर पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) का इस्तेमाल करके उतरने की इजाजत मांगी।

## आईयूडी और बर्थ कंट्रोल इम्प्लांट्स... ट्रंप सरकार कैसे बर्बाद कर रही करोड़ों की गर्भनिरोधक दवाइयां?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की ट्रंप सरकार ने करीब 10 मिलियन डॉलर की कीमत वाली महिलाओं की गर्भनिरोधक सामग्री को नष्ट करने का फैसला किया है।

इस फैसले के बाद देश में हंगामा बरप गया है। डॉक्टरों और सहायता समूहों ने इसे महिलाओं के अधिकारों पर हमला और बर्बादी भरा कदम बताया है।

ये सामग्री बेल्जियम में रखी है और इसे फ्रांस में जलाने की योजना है। दोनों यूरोपीय देश इस नष्ट करने की प्रक्रिया को रोकने के लिए दबाव में हैं।

यह कदम खास तौर पर गरीब देशों, खासकर उप-सहारा अफ्रीका की महिलाओं के लिए बड़ा झटका है। 18 जुलाई को ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने दो अमेरिकी कांग्रेस सूत्रों के हवाले से बताया कि ट्रंप प्रशासन 9.7 मिलियन डॉलर की गर्भनिरोधक सामग्री, जैसे आईयूडी और बर्थ कंट्रोल इम्प्लांट्स को नष्ट करने जा रहा है। ये सामग्री बेल्जियम के जील शहर में एक गोदाम में रखी है और जुलाई के अंत तक इसे जलाने की योजना है।

अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह सामग्री बाइडेन सरकार के खत्म हुए यूएसएआईडी डील से जुड़ी है।

## पाकिस्तान के जाफर एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, तीन डिब्बे पटरी से उतरे; एक शख्स जख्मी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्वी सूबे सिंध में सोमवार को एक भयानक हादसा हुआ, जब क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बे एक धमाके की वजह से पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक शख्स जख्मी हो गया।


पाक रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है, ताकि हादसे की असल वजह सामने आ सके।

सुक्कुर रेलवे डिवीजनल सुपरिटेंडेंट जमशैद आलम ने बताया कि जाफर एक्सप्रेस पेशावर से क्वेटा जा रही थी, जब शिकारपुर के पास एक धमाके की वजह से ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए।

धमाके के बाद ट्रेन की आवाजाही रोक दी गई और यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सुक्कुर से रेस्क्यू टीमें फौरन रवाना की गईं।

पहले भी हो चुके हैं हमले- रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक को ठीक करने में अभी कम से कम पांच घंटे और लग सकते हैं। इस दौरान ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप रहेगी। यह पहला मौका नहीं है जब जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया हो।

## कौन है शेन तामुरा? जिसने न्यूयॉर्क को फायरिंग से दहलाया, चार लोगों की हत्या कर खुद भी दी जान





नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते दिन न्यूयॉर्क के मिडटाउन मैनहट्टन में एक शख्स ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए 4 लोगों की जान ले ली। वहीं, इमारत के 33वीं मंजिल पर पहुंच कर आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली। वहीं, अब हमलावर की शिनाख्त हो चुकी है।

मैनहट्टन में फायरिंग करने वाले शख्स का नाम शेन तामुरा है। शेन अमेरिका के लॉस वेगास से ताल्लुक रखा है। उसकी उम्र 27 साल है और पूर्व फुटबॉलर रह चुका है। मैनहट्टन हमले के बाद से ही शेन की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे शेन 345 पार्क एवेन्यू स्थित मिडटाउन मैनहट्टन पहुंचा और धुआंधार फायरिंग शुरू कर दी। शेन ने एक पुलिस अधिकारी समेत 3 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। बिल्डिंग के 33वें फ्लोर पर शेन का शव पड़ा मिला।

बता दें कि शेन ने जिस मिडटाउन मैनहट्टन इमारत में हमला किया, वास्तव में वहां ब्लैक स्टोन और हस्ररु समेत चक्कल्ल का मुख्यालय मौजूद है। 2016 में हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद शेन फुटबॉल खेलने लगा।

शूटिंग की वजह पर बना सस्पेंस- अपुष्ट रिपोर्ट्स के अनुसार, शेन NFL का फुटबॉल मैच हार गया था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि उसी हार का बदला लेने के लिए शेन हस्ररुके मुख्यालय पहुंचा था। हालांकि, यह दावे किस हद तक सच हैं? यह कोई नहीं जानता।

मैनहट्टन में हुआ यह जानलेवा हमला अमेरिका की संसद तक पहुंच गया है। डेमोक्रेट पार्टी से अमेरिकी सांसद हकीम जेफ्रीज के अनुसार, मिडटाउन मैनहट्टन में हुए इस डरावने हादसे से अंदर तक हिल गया हूं।

## अमेरिका के लोगों के लिए हीरो बने बांग्लादेश के दीदारुल इस्लाम, मैनहट्टन फायरिंग में गंवाई जान





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका का न्यूयॉर्क शहर सोमवार की शाम को गोलियों की आवाज से दहल उठा। शेन तामुरा नामक 27 वर्षीय युवक ने कई लोगों को गोलियों से भून डाला। इस घटना में 1 पुलिसकर्मी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी की पहचान बांग्लादेश से आए दीदारुल इस्लाम के रूप में की गई है।


कौन थे दीदारुल इस्लाम- 36 वर्षीय दीदारुल इस्लाम न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के बहादुर अधिकारी थे। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने बताया, दीदारुल बांग्लादेशी प्रवासी थे। वो न्यूयॉर्क शहर से बहुत प्यार करते थे। वो ईश्वर में विश्वास रखते थे और बहुत अच्छे इंसान थे।

एरिक के अनुसार, वो सिर्फ वर्दी से नहीं बल्कि आत्मा से भी न्यूयॉर्क को बहुत प्यार करते थे। दीदारुल न्यूयॉर्क पर जान छिड़कते थे। मैं उनके परिवार से मिला और मैंने उन्हें बताया कि दीदारुल हीरो थे। उन्होंने अपनी जान तक को दांव पर लगा दिया।

न्यूयॉर्क पुलिस का कहना है, वो न्यूयॉर्क के लोगों को खतरों से बचाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उनकी ही जान खतरे में आ गई। हम उनकी इस विरासत का हमेशा सम्मान करेंगे।

दीदारुल के घर में कौन-कौन- न्यूयॉर्क सिटी पुलिस कमिश्नर जेसिका के अनुसार, दीदारुल पिछले तीन साल से NYPD का हिस्सा थे। उनके सिर पर पत्नी और 2 बच्चों की जिम्मेदारी थी। उनकी पत्नी 8 महीने की गर्भवती है और वो अपने तीसरे बच्चे को जन्म देने वाली है।

## हजारों की भीड़ पर क्रैश होने वाला था EF-18 लड़ाकू विमान, कैसे टला बड़ा हादसा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूरोपीय देश स्पेन के खूबसूरत शहर गिजोन से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। स्पेनिश एअरफोर्स का हॉर्नेट फाइटर जेट ईएफ-18 अचानक बेकाबू होकर भीड़ पर गिरने लगा। इस घटना से लोगों में भगदड़ मच गई। हालांकि, पायलट किसी तरह से विमान पर काबू पाने में कामयाब रहा।

गिजोन के बीच पर हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्पेनिश एअरफोर्स ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी है।

विमान से निकला धुआं- यह घटना रविवार की है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि फाइटर प्लेन क्रैश होने से बाल-बाल बचा। आखिरी समय पर पायलट ने किसी तरह विमान को क्रैश होने से बचा लिया और जमीन छूने से पहले फिर से उड़ान भरने में कामयाब रहा। इस वीडियो से इंटरनेट पर भी सनसनी फैल गई है।

हवा में क्यों लड़खड़ाया विमान- स्पेनिश एअरफोर्स ने एक्स पर घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विमान के रास्ते में एक पक्षी आ गया था, जिसके कारण विमान का संतुलन खो गया। गिजोन में उड़ान के दौरान एक पक्षी अचानक विमान से टकरा गया, जिसके कारण विमान नीचे गिरने लगा।

स्पेनिश एअरफोर्स के अनुसार, हम आपको बताते हैं कि गिजोन एअर फेस्टिवल में क्या हुआ था? जैसा आपने देखा एफ-18 फाइटर एअर शो दिखा रहा था, तभी एक पक्षी रास्ते में आ गया।

# गोवा में क्यों बढ़ रहे हैं सड़क हादसे? परिवहन मंत्री ने विधानसभा में बताई वजह




नई दिल्ली (एजेंसी)। गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो ने राज्य में बढ़ते एक्सीडेंट्स की वजह टैक्सी ड्राइवरों को बताया है। विधानसभा में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि रेंट ए कैब की गाड़ियां गोवा में काफी बढ़ गई हैं, जिससे न सिर्फ सड़कों पर जाम लगता है बल्कि हादसों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है।

गोडिन्हो के अनुसार, गोवा के 95 प्रतिशत लोग मोबाइल ऐप पर आधारित टैक्सी सेवा चाहते हैं। ऐसे में टैक्सी को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

सोमवार को गोवा विधानसभा में गोडिन्हो ने कहा- गोवा में रेंट ए कैब के वाहनों की संख्या ज्यादा हो गई है। यही राज्य में बढ़ते एक्सीडेंट का सबसे बड़ा कारण है। इन सड़क हादसों में कई लोगों की जान चली जाती है।

क्यों होते हैं हादसे- सड़क हादसों की वजह बताते हुए गोडिन्हो ने कहा कि रेंट ए कैब के ज्यादातर ड्राइवर शराब के नशे में गाड़ी चलाते हैं या फिर उनके पास अनुभव का अभाव होता है, जिसके कारण यह वाहन हादसों का शिकार हो जाते हैं। राज्य सरकार ने अब सभी टैक्सियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने का फैसला किया है।

सरकार ने करवाया सर्वे- गोडिन्हो के अनुसार, यह फैसला लेने के पहले राज्य सरकार ने सर्वे करवाया था, जिसमें 95 प्रतिशत लोगों ने टैक्सी सर्विस के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शुरू करने पर सहमति दर्ज की है। लोग चाहते हैं कि टैक्सी सर्विस मोबाइल एप्लीकेशन पर भी उपलब्ध हो।

# दिल्ली में भारी बारिश से उड़ानों पर असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने हंगामा मचा दिया है। मंगलवार की सुबह इस आसमानी आफत ने हवाई यात्रा को मुश्किल में डाल दिया। इंडिगो, स्पाइसजेट और एअर इंडिया जैसी बड़ी एयरलाइंस ने यात्रियों को सावधान करते हुए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उड़ानों में देरी और सड़क यातायात में रुकावट की आशंका जताई गई है। मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है और यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति जरूर जांच लें।

इंडिगो ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, दिल्ली में भारी बारिश की भविष्यवाणी है, जिससे उड़ानों में देरी और हवाई अड्डे तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है। हम मौसम को तो नहीं बदल सकते, मगर आपकी यात्रा को आसान बनाने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे। कृपया अपनी उड़ान की स्थिति जांचें और हवाई अड्डे के लिए थोड़ा अतिरिक्त समय लेकर निकलें।

स्पाइसजेट ने भी दिल्ली और धर्मशाला में खराब मौसम का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, खराब मौसम के कारण दिल्ली और धर्मशाला से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं।

# राष्ट्रपति रेफरेंस मामले में 19 अगस्त से दलीलें सुनेगा सुप्रीम कोर्ट, पक्ष और विपक्ष दिया गया पूरा टाइम टेबल



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राष्ट्रपति रेफरेंस मामले पर सुनवाई का शेड्यूल तय कर दिया है। यह रेफरेंस इस अहम सवाल को उठाता है कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित बिलों को मंजूरी देने के लिए गवर्नर या राष्ट्रपति के लिए समयसीमा तय कर सकती हैं। इस मामले में केंद्र और राज्यों को 12 अगस्त तक अपने लिखित जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने साफ कर दिया है कि सुनवाई 19 अगस्त से शुरू होगी।

कोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दलीलें तय समय में पूरी करें, ताकि इस अहम मामले में जल्द और सटीक फैसला हो सके।

सुनवाई का सख्त शेड्यूल- कोर्ट ने सुनवाई के लिए सख्त समयसीमा तय की है। CJI ने अपने आदेश में कहा, रेफरेंस का समर्थन करने वाले पक्षों की सुनवाई 19, 20, 21 और 26 अगस्त को होगी।

वहीं, रेफरेंस का विरोध करने वाले पक्षों की दलीलें 28 अगस्त और 3, 4, 9 सितंबर को सुनी जाएंगी।

# ऑडी, थार, फॉर्च्यूनर... देश के इस राज्य में मिली दिल्ली-यूपी और हरियाणा से चोरी हुई 57 लग्जरी कारें



नई दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश की पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। राजधानी में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह से 57 महंगी कारें जब्त की हैं। चोरी की इन कारों की कीमत 30 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

वाहन चोरों पर देश में सबसे बड़ी कार्रवाई- पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि वाहन चोरी के मामलों में पूरे देश के किसी भी थाने में एक बार में की गई ये आज तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। उन्होंने बताया कि गिरोह के पांच लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

ईटानगर के एसपी जुम्मार बसर ने इसका खुलासा किया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कई राज्यों में वाहन तस्करी गिरोह के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने स्वत- संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया है।

चोरी की 57 कारें बरामद- पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अधिकारी ने बताया कि कार चोरों के खिलाफ अभियान दो जुलाई को शुरू हुआ था। इस दौरान ईटानगर के विभिन्न इलाकों से चोरी की 57 गाड़ियां बरामद की गईं। सभी वाहन दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में दर्ज चोरी के मामलों से जुड़े पाए गए।

महंगी कारों को निशाना बनाता था गिरोह- एसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों में महंगी कारों को निशाना बनाते थे। वाहनों को चुराने के बाद चोर दलालों की मिलीभगत से इंजन और चेसिस नंबरों के साथ छेड़छाड़ करते थे। फर्जी कागजातों की मदद से वाहन अरुणाचल प्रदेश में आसानी से पहुंच जाते थे।

# आप मेरी मां के आंसू पर चले गए, लेकिन ये नहीं बताया..., प्रियंका गांधी का केंद्र पर पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लोकसभा में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 26 बेकसूरों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया था।

प्रियंका ने कहा, मैं उन सभी जवानों को नमन करना चाहती हूं, जो हमारे देश के रेगिस्तानों में, घने जंगलों में, बर्फीली पहाड़ियों में... हमारे देश की रक्षा करते हैं। जो हर पल देश के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार रहते हैं। 1948 से लेकर अब तक- जब पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर पर हमला किया गया- हमारे देश की अखंडता की रक्षा करने में हमारे जवानों का बड़ा योगदान है।

देश के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है- कांग्रेस सांसद ने कहा, मैं पूछना चाहती हूं कि देश के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या इस देश के प्रधानमंत्री की नहीं है? क्या इस देश के गृह मंत्री की नहीं है? क्या इस देश के रक्षा मंत्री की नहीं है? क्या इस देश के हू की नहीं है?


आप इतिहास की बात करिए हम वर्तमान की बात करेंगे

प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि जब सरकार यह दावा कर रही थी कि कश्मीर में आतंकवाद कैसे कम हुआ है? सरकार पर हमला बोलते हुए गांधी ने कहा कि आप इतिहास की बात करते रहिए हम वर्तमान की बात करेंगे।

प्रियंका गांधी ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत हुई थी तो पूरा देश एकजुट था। प्रधानमंत्री जी ने श्रेय लिया लेकिन सिर्फ श्रेय लेने से ही जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार हुआ जब जंग होते-होते रुक गई। और यह एलान भारतीय सेना या सरकार ने नहीं किया बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने की। इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान का विभाजन करके दिखाया था।

# मेरे बेटे को क्या हुआ था, संजय कपूर की मौत पर मां ने तोड़ी चुप्पी, कहा- विरासत खो नहीं सकती



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और मशहूर बिजनेसमैन संजय कपूर के निधन के बाद उनकी कंपनी सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स में विरासत को लेकर जंग शुरू हो गई है। संजय कपूर की पत्नी प्रिया सचदेवा को अंतरिम निदेशक नियुक्त किया गया है। हालांकि, अब संजय की मां रानी कपूर ने बेटे की मौत के बाद पहली बार चुप्पी तोड़ी है।

रानी कपूर का कहना है कि लंदन में संजय की मौत कैसे हुई, यह उन्हें नहीं पता। अब उनकी उम्र हो गई है। मगर विरासत की इस लड़ाई को वो जारी रखेंगी।

संजय कपूर की मौत पर क्या बोलीं मां- समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान रानी कपूर ने कहा, मुझे अभी तक नहीं पता कि मेरे बेटे को क्या हुआ था? मैं बूढ़ी हो गई हूं। मुझे कंपनी के शुरुआती दिन आज भी याद आते हैं। मैंने और मेरे पति ने इस कंपनी को प्यार और त्याग से खड़ा किया है।

रानी कपूर के अनुसार, मैं दुनिया को बताना चाहती हूं कि मेरे परिवार की विरासत नहीं खो सकती। यह आगे आने वाली पीढ़ियों को दी जाएगी। मेरे पति भी हमेशा यही चाहते थे।

लीगल टीम देगी जानकारी- रानी कपूर ने अपने स्वास्थ्य पर बात करने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना है कि उनकी लीगल टीम मामले पर जरूरी जानकारी देगी।

कंपनी ने खारिज किया रानी का दावा- Sona Comstar की पूर्व चेयरमैन रहीं रानी कपूर के नाम पर अब कंपनी में कोई भी शेयर नहीं है। वहीं, कंपनी ने उनके बयान को निराधार बताया है। रानी कपूर ने संजय कपूर की मौत को संदिग्ध बताते हुए कहा था कि, बेटे की मौत के बाद बंद कमरे में उनसे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए थे। हालांकि, कंपनी ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी

## संपादकीय


# भारत के हर कस्बे में आपको आवारा कुत्ते जरूर नजर आएंगे...



भारत के करीब-करीब हर राज्य के हर शहरी क्षेत्र के हर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हर गांव में अगर हम देखेंगे तो हमेंआवारा या लावारिस कुत्ते कहीं काम कहीं अधिक संख्या में जरूर दिखेंगे। मैं यह मानता हूं कि इससे शायद किसी नागरिक को कोई आक्षेप नहीं होगा। परंतु इन आवारा कुत्तों द्वारा जब नागरिकों की बस्ती में आतंक फैलाना, पैदल चलने वालों को काटना, गाड़ी वालों के पीछे दौड़कर काटने की कोशिश करना जैसी गतिविधियां होती है तो इससे रेबीज नामक बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है, वह भी अक्सर यह घटनाएं बच्चों में बुजुर्गों के साथ अधिक हो रही है, जो रेखांकित करने वाली बात है। यदि इस तरह की घटनाएं हो रही हो तो इसके लिए भारतीय कानून में इन पशुओ जानवरों की रक्षा वह नियंत्रण के अनेकों कानून बने हुए हैं जैसे पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001, भारतीय न्याय संहिता (नया आईपीसी) की धारा 325,326, पशु कल्याण बोर्ड इत्यादि अनेक अधिनियम नियम व वैधानिक निकाय हैं परंतु विशेषकर कुत्तों पर नियंत्रण के लिए स्थानीय निकायों जैसे नगरपरिषद नगरपालिका नगरनिगम महानगरपालिका इत्यादि जवाबदार हैं, इन्हें अब जागना जरूरी है। इस विषय पर आज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि सोमवार दिनांक 28 जुलाई 2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने भारत के पेपर टाइम्स ऑफ़ इंडिया में छपी एक खबर जिसमें बताया गया था कि दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में 30 जून 2025 को एक 6 वर्ष की बेटी को रेबीज बीमारी से ग्रस्त कुत्ते द्वारा काटा गया, और इलाज के दौरान 26 जुलाई 2025 को उसकी मृत्यु हो गई इस खबर को पेपर में पड़कर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इसपर स्वतः संज्ञान लेकर, एक याचिका दाखिल कर, मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने का आदेश जारी किया है, जिसकी चर्चा विस्तार से हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरे भारत की स्थानीय निकायों जैसे नगरपरिषद नगर पालिका नगरनिगम महानगर पालिका इत्यादि को पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001 का सखूती से पालन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट के दो सदस्सीय बेंच द्वारा एक प्रसिद्ध न्यूज़पेपर में कुत्ते के काटने पर 6 वर्ष की बालिका की मृत्यु का स्वतःसंज्ञान के इस आदेश को विस्तार से जानने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अखबार में प्रकाशितसमाचार आवारा कुत्तों से त्रस्त शहर,बच्चे भुगत रहे कीमत पर स्वतःसंज्ञान लिया है। अदालत ने एक रिट याचिका दर्ज की है, जिसमें यह संज्ञान लिया गया है कि किस प्रकार नवजात शिशु, बच्चे और बुजुर्ग अवैक्सीनेटेड (टीकाकरण रहित) आवारा कुत्तों के काटने के कारण रेबीज जैसी घातकबीमारी का शिकार हो रहे हैं। बेंच ने खबर पर संज्ञान लेते हुए आदेश जारी करते हुए कहा कि सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है और हमें सबसे पहले इस बेहद चिंताजनक और खतरनाक समाचार का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए, जो आज के टाइम्स ऑफ़ इंडिया के दिल्ली संस्करण में 'सिटी होउंडेड बाय स्ट्रास एंड किड्स पे प्राइस' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। समाचार में कुछ चौंकाने वाले और परेशान करने वाले आंकड़े और तथ्य शामिल हैं। हर दिन, शहरों और बाहरी इलाकों में सैकड़ों कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे रेबीज फैल रहा है और अंततः नवजात शिशु, बच्चे और बुजुर्ग इस भयानक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा रजिस्ट्री इस याचिका को स्वतः प्रेरित याचिका के रूप में दर्ज करे। यह आदेश और समाचार रिपोर्ट माननीय मुख्य न्यायाधीश के समक्ष उपयुक्त आदेशों के लिए प्रस्तुत की जाए। इस गंभीर स्थिति का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है, जिनकी रेबीज से मौतें हो रही हैं। बेंच ने इन मौतों को डरावना और परेशान करने वाला बताया।


# गोविन्द चन्द्र पाण्डे



गोविन्द चन्द्र पाण्डे 20वीं सदी के जाने माने चिंतक, इतिहासवेत्ता, संस्कृतज्ञ तथा सौंदर्यशास्त्री थे। वे संस्कृत, हिब्रू तथा लेटिन आदि अनेक भाषाओं के असाधारण विद्वान, कई पुस्तकों के प्रसिद्ध लेखक तथा हिन्दी कवि भी थे। प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, बौद्ध दर्शन, साहित्य, इतिहास लेखन तथा दर्शन आदि में गोविन्द चन्द्र पाण्डे को विशेषज्ञता प्राप्त थी। अनेक चर्चित किताबों तथा सैंकड़ों शोध पत्रों के वे लेखक थे। वर्ष 2010 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

जन्म- आचार्य गोविन्द चन्द्र पाण्डे का जन्म 30 जुलाई, सन 1923 में इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उत्तर प्रदेश के काशीपुर नगर में आकर बसे अल्मोड़ा के एक ग्राम से निकले सुप्रतिष्ठित पहाड़ी ब्राह्मण परिवार में गोविन्द चन्द्र पाण्डे का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम पीताम्बर दत्त पाण्डे था, जो कि भारत सरकार की लेखा सेवा के उच्च अधिकारी थे और माता का नाम प्रभावती देवी पाण्डे था।

शिक्षा- गोविन्द चन्द्र पाण्डे ने काशीपुर से माध्यमिक शिक्षा एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परीक्षाएं दोनों ही प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण कीं और उसी दौरान रघुवीर दत्त शास्त्री और पण्डित रामशंकर द्विवेदी जैसे उद्भट विद्वानों के सान्निध्य में व्याकरण, साहित्य एवं शास्त्रों का पारम्परिक संस्कृत माध्यम से गहन अध्ययन किया। पहली कक्षा से इलाहाबाद में एम.ए. तक की सभी परीक्षाओं में सर्वोच्च्च अंक लेकर विख्यात विद्वान् और सुभाष चन्द्र बोस के मित्र प्रो. क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय के अधीन तुलनात्मक भाषाशास्त्र, धर्म, दर्शन और इतिहास की गहन शिक्षा प्राप्त की। प्रो. क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय के निर्देशन में ही उन्होंने 1947 में डी.फिल. की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने अपने इस शोधकाल में ही पालि, प्राकृत. फ्रेंच, जर्मन और बौद्ध चीनी भाषाओं का भी अध्ययन किया और बाद में डी.लिट की उपाधि भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही प्राप्त की।



लेखन कार्य- गोविन्द चन्द्र पाण्डे द्वारा लिखे गये संस्कृति, दर्शन, साहित्य, इतिहास-विषयक अनेक आलोचनात्मक शोधग्रन्थ, काव्य-ग्रंथ और विविध शोधपूर्ण आलेख, भारत और विदेशों में सम्मानपूर्वक प्रकाशित हैं। उनके द्वारा संस्कृत भाषा] में रचित मौलिक एवं अनूदित तथा प्रकाशित प्रमुख ग्रन्थ 'दर्शन विमर्श' 1996 वाराणसी, 'सौन्दर्य दर्शन विमर्श' 1996 वाराणसी, 'एकं सद्विप्राः बहुधा वदन्ति' 1997 वाराणसी, 'न्यायबिन्दु' 1975 सारनाथ/जयपुर आदि हैं। इसके अतिरिक्त संस्कृति एवं इतिहास विषयक पाँच ग्रन्थ और दर्शन विषय के आठ ग्रन्थों में 'शंकराचार्य विचार और सन्दर्भ' ग्रन्थ महनीय हैं। विविध साहित्यिक कृतियों में इनके द्वारा विरचित आठ अन्य ग्रन्थ संस्कृत वाङ्मय को विभूषित कर रहे हैं।

गोविन्द चन्द्र पाण्डे ने ऋग्वेद की अनेक कविताओं का सरस हिन्दी काव्यानुवाद भी किया था। दर्शन, इतिहास और संस्कृत के गहन ज्ञान ने उनसे जो ग्रंथ लिखवाए, उनमें गूढता, प्रौढ़ता और संक्षेप में बात कहने की प्रवणता का होना स्वाभाविक था। राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी से छपे इनके ग्रंथों में 'मूल्य मीमांसा' इन सभी लक्षणों को चरितार्थ करती है। बौद्ध दर्शन और बुद्धकालीन भारत पर उनके ग्रंथ सर्वोत्कृष्ट माने जाते हैं। ज्योतिष पर भी उनका अधिकार था। बाद के दिनों में वेद वाङ्मय का सर्वांगीण विमर्श प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया उनका ग्रंथ 'वैदिक संस्कृति' भी शिखर स्तर का ग्रंथ है।

प्रमुख उपलब्धियाँ- गोविन्द चन्द्र पाण्डे ने राजस्थान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य किया।

वे सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हायर तिब्बतन स्टडीज, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एडवान्स्ड स्टडी शिमला और इलाहाबाद म्यूजियम के अध्यक्ष भी रहे।

कुछ प्रतिष्ठित पुरस्कार, जिसमें 'मूर्तिदेवी पुरस्कार', साहित्य अकादमी फैलोशिप, 'विश्व भारती सम्मान', 'शंकर सम्मान' आदि मुख्य हैं, गोविन्द चन्द्र पाण्डे को प्राप्त हुये थे।

डी.लिट. तथा वाचस्पति की मानद उपाधियाँ भी उन्हें प्राप्त हुई थीं।

युवाओं के नाम संदेश-

उत्तराखण्ड के युवाओं को ऋषियों, मनीषियों, विद्वानों तथा नायकों की अपनी प्राचीन विरासत को पुनर्जीवित करना चाहिये।

निधन- अपने जीवन के अंतिम दिनों में गोविन्द चन्द्र पाण्डे अस्वस्थ हो गए थे। 88 वर्ष की परिपक्व अवस्था में दिल्ली में 21 मई, 2011 को उनका निधन हुआ।

# रक्षाबंधन से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले! सरकार DA में कर सकती है इतनी बढ़ोतरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र की मोदी सरकार रक्षाबंधन के त्योहार से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे सकती है। कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स को भी तोहफा मिल सकता है। दरअसल, केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनभोगी जुलाई 2025 के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले सरकार ने 2 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाकर 53 फीसदी से 55 फीसदी किया था। अब एक बार सरकार इसे बढ़ाने की तैयारी में है।

कितना बढ़ा सकता है महंगाई भत्ता- रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार जुलाई 2025 के लिए जल्द ही महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। इसमें 3 फीसदी की बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। अगर सरकार रक्षाबंधन से पहले इसकी घोषणा करती है तो इसका फायदा कर्मचारियों और पेंशनर्स को अक्टूबर तक मिलना शुरू हो सकता है।

सरकार साल में दो बार महंगाई भत्ते में संशोधन करती है। इसे जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। जुलाई में होने वाला यह डीए सातवें वेतन आयोग का आखिरी डीए संशोधन होगा। क्योंकि 7वां वेतन आयोग दिसंबर 2025 में समाप्त हो रहा है।

सरकार डीए में कितनी बढ़ोतरी करेगी अभी इस बारे में उसकी तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन संभावना जताई जा रही है कि केंद्र सरकार रक्षाबंधन से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को इसका तोहफा दे सकती है।

महंगाई भत्ता को संशोधित करने के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का सहारा लिया जाता है। पिछले 12 महीनों का CPI का औसत निकाला जाता है। अगर सरकार डीए में 3 फीसदी की बढ़ोतरी करती है तो यह 55 से 58 फीसदी हो जाएगा।

बेसिक सैलरी के आधार पर डीए डिसाइड किया जाता है। अगर बेसिक सैलरी 10 हजार है और डीए 50 फीसदी है। इसमें 3 फीसदी का इजाफा कर दिया जाए तो यह 5300 रुपये हो जाएगी। यानी आपकी सैलरी में 300 रुपये का इजाफा हो गया। इसी के अनुपात में डीए बढ़ने से आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होगी।

## एक और अमेरिकी कंपनी चलाएगा भारतवंशी, P&G ने शैलेश जेजुरिकर को बनाया CEO



नई दिल्ली (एजेंसी)। डेली यूज की घरेलू चीजें बनाने वाली अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल ने भारत में जन्मे शैलेश जेजुरिकर को अपना अगला ष्टश्वह्र नियुक्त किया है। जेजुरिकर एक जनवरी 2026 से कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बनाने वाली इस मल्टीनेशनल कंपनी को लीड करेंगे। बता दें कि पीएंडजी भारतीय बाजार में भी एक लीडिंग एफएमसीजी कंपनी है जो एरियल, टाइड, व्हिस्पर, ओले, जिलेट, अम्बिपुर, पैम्पर्स, पैंटीन, ओरल-बी, हेड एंड शोल्डर्स और विक्स जैसे ब्रांड के साथ बिजनेस करती है।

साल 1989 में की शुरुआत- सिनसिनाटी (ओहियो) स्थित क्क्त ने बयान जारी कर कहा है कि 58 वर्षीय जेजुरिकर 1989 में एसिसटेंट ब्रांड मैनेजर के रूप में पीएंडजी में शामिल हुए थे। अब वे टॉप लीडरशिप परिवर्तन के तहत जॉन मोलर की जगह लेंगे।पीएंडजी ने बयान में कहा है कि शैलेश जेजुरिकर एक जनवरी 2026 से प्रॉक्टर एंड गैंबल के चेयरमैन और सीईओ के रूप में जॉन मोलर की जगह संभालेंगे।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अक्टूबर 2025 में सालाना शेयरहोल्डर्स मीटिंग में डायरेक्टर के रूप में चुनाव के लिए खड़े होने के लिए भी जेजुरिकर को नॉमिनेट किया है। बता दें कि भारतीय मूल के कई लोग बड़ी कंपनियों के टॉप पद पर काबिज हैं।

## अदाणी पावर करेगी शेयर के टुकड़े ! 1 अगस्त की मीटिंग में होगा बड़ा फैसला, बहुत सस्ता हो जाएगा स्टॉक



नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी पावर के शेयर में 29 जुलाई को करीब 4% की तेजी आई। दरअसल अदाणी ग्रुप की इस कंपनी ने कहा कि इसका बोर्ड 1 अगस्त को स्टॉक स्प्लिट पर विचार करेगा। इसके बाद अदाणी पावर का शेयर BSE पर करीब 3 बजे 21.50 रु या 3.77 फीसदी की मजबूती के साथ 592.10 रु पर चल रहा है। आज इसका शेयर सुबह एक दम फ्लैट 570.60 रु के पिछले क्लोजिंग रेट ही खुला था।

रिजल्ट के साथ स्टॉक स्प्लिट का होगा ऐलान

अदाणी पावर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक 1 अगस्त को होने जा रही है। उस बैठक में अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों का ऐलान किया जाएगा। उसी बैठक में शेयर कैपिटल में बदलाव के लिए स्टॉक स्प्लिट/सब डिविजन के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा है कि स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी और लागू नियम के तहत किसी भी आवश्यक विनियामक/ रेगुलेटरी मंजूरी भी ली जाएगी।

सस्ता हो जाएगा शेयर- बता दें कि जब भी कोई कंपनी स्टॉक स्प्लिट करती है तो उस कंपनी के शेयर का मार्केट रेट उसी अनुपात में घट जाता है, जिस अनुपात में वो स्टॉक स्प्लिट करती है। जैसे कि अगर कोई कंपनी 1:1 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट करे और उसके शेयर का रेट 100 रु है तो स्टॉक स्प्लिट के बाद हर शेयर के दो (1:1 यानी 1+1 = 2) शेयर हो जाएंगे और शेयर की कीमत 100 रु से इसी हिसाब से बंटकर 50 रु रह जाएगी।

अब जब अदाणी पावर स्टॉक स्प्लिट करेगी तो इसका भी शेयर सस्ता होगा। हालांकि किस अनुपात में स्टॉक स्प्लिट होगा, ये 1 अगस्त को ही घोषित होगा।

## गोल्ड खरीदने में अब चीन नहीं भारत नंबर-1, एक साल में 800 टन सोना खरीदा; ड्रैगन कितने पीछे छूट गया?




नई दिल्ली (एजेंसी)। एक समय था जब गोल्ड खरीदने के मामले में चीन आगे था और भारत दूसरे नंबर पर। लेकिन अब बाजी पलट गई है। चीन को छाड़कर भारत नंबर-1 बन गया है। जहां भारत में सोने की खपत सालाना 800 टन के पार पहुंच गई है, तो वहीं चीन में सोने की डिमांड घटकर आधी रह गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2013 में चीन में सोने की डिमांड 900 टन के रिकॉर्ड लेवल के पार पहुंच गई थी, जो अब घटकर 49त्न (479 टन) पर पहुंच गई है। जबकि भारत की सालाना खपत चीन से दोगुनी हो गई है।

चीन में गहनों पर 1 लाख करोड़ रुपए खर्च- चीन में वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के रिसर्च हेड रे जिया के मुताबिक, चीन में अर्थव्यवस्था काफी सुस्त हो चली है। इसके चलते सोने की डिमांड रिकॉर्ड तेजी से घटी है। हालांकि, कीमत के लिहाज से ज्वैलरी की डिमांड बढ़ी है। रे जिया ने बताया कि साल 2001 से 2013 के बीच चीन में सोने की खपत 362त्न बढ़ी थी।

हालांकि, यह साल 2013 से लगातार घट रही है। 2013 में सोने मांग 939 टन थी, जो अब 479 टन ही रह गई है। ङ्खत्नष्ट के मुताबिक, चीन के कंज्यूमर्स ने साल 2025 की पहली तिमाही में सोने के गहनों पर करीब 1 लाख करोड़ रुपए खर्च किए।

# दान के लिहाज से दुनिया का सबसे दौलतमंद मंदिर, हर साल 1000 किलोग्राम सोना, एक हजार करोड़ रुपये आता है चढ़ावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या आप दुनिया के सबसे अमीर हिन्दू मंदिर के बारे में जानते हैं। यह कहां पर स्थित है और यहां कितनी संपत्ति है। इस सबसे धनी मंदिर में हर साल करोड़ों श्रद्धालु चढ़ावे में सोना और कैश चढ़ाते हैं। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, इस मंदिर ट्रस्ट को 2023 में लगभग 773 करोड़ रुपये मूल्य का 1,031 किलोग्राम सोना दान के रूप में प्राप्त हुआ। इस सबसे धनी मंदिर का नाम है तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम, जो भारत समेत दुनियाभर में तिरुपति बालाजी के नाम से मशहूर है।

तिरुपति ट्रस्ट ने गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के तहत विभिन्न सरकारी बैंकों में 8,496 करोड़ रुपये मूल्य का 11,329 किलोग्राम सोना जमा किया है। मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों का कहना है कि यहां आने वाले भक्त, भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को नकद चढ़ावा चढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और दूसरा सबसे पसंदीदा दान सोने के रूप में आता है।

बैंक में जमा मंदिर ट्रस्ट का कुल कैश- टीटीडी के अनुसार, बैंकों में मंदिर की कुल जमा राशि 13,287 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा, मंदिर निकाय द्वारा संचालित विभिन्न ट्रस्ट, श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नप्रसादम ट्रस्ट, श्री वेंकटेश्वर प्राणदानम ट्रस्ट आदि को दान से मिलने वाली रकम 5,529 करोड़ रुपये हो चुकी है। अप्रैल 2024 तक तिरुपति मंदिर ट्रस्ट और उसके कई ट्रस्टों के बैंकों में कुल नकदी रकम बढ़कर 18,000 करोड़ रुपये हो गई है।

मंदिर के नाम बैंक एफडी- साल 2024 में इस मंदिर ट्रस्ट ने 1,161 करोड़ रुपये की बैंक एफडी कराई है, जो पिछले 12 सालों में सबसे ज्यादा है।

## हर महीने मल्टीबैगर रिटर्न देने वाला शेयर, रोजाना लग रहा अपर सर्किट, छह महीने में 11 गुना किया पैसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार ने लगातार गिरावट दिखाते हुए जुलाई के महीने में निवेशकों को निराश कर दिया है, लेकिन एक स्टॉक ने मार्केट की इसी मंदी के बीच 180 फीसदी तक रिटर्न डिलीवर कर दिया है। दरअसल, एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों ने पिछले एक महीने में रिकॉर्ड तोड़ रिटर्न दिया है।

एक महीने के अंदर इस कंपनी के शेयर 178 फीसदी तक चढ़ गए हैं, जबकि 6 महीने में यह शेयर मल्टीबैगर साबित हुआ है। कई कंपनी के शेयरों का ऐसा गजब रिटर्न देने में सालों लग जाते हैं, ऐसा रिटर्न एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों ने महज कुछ महीनों में दे दिया।

हर महीने मल्टीबैगर रिटर्न- एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों के पिछले 6 महीनों का प्रदर्शन देखा जाए तो यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्टॉक ने हर महीने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि में यह स्टॉक 1100 फीसदी चढ़ गया है यानी इसने निवेशकों की पूंजी को 11 गुना कर दिया है।


दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# आगरा फोर्ट, उज्जैन-चित्तौड़गढ़, रतलाम-उदयपुर ट्रेनें 30 जुलाई तक रहेंगी रद्द

मंदसौर। अगर आप आने वाले दिनों में उज्जैन, चित्तौड़गढ़, रतलाम या उदयपुर की यात्रा ट्रेन से करने की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे ने ढोढर-कचनारा-दलौदा खंड पर मेजर ब्लॉक लिया है।

इस कारण 30 जुलाई 2025 तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसका सीधा असर मंदसौर, नीमच और रतलाम से गुजरने वाली ट्रेनों पर पड़ेगा।

मेजर ब्लॉक के चलते इन ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

रेलवे द्वारा लिए गए मेजर ब्लॉक के चलते मंदसौर स्टेशन पर दिन के समय ट्रेन आवागमन लगभग बंद रहेगा। विशेष रूप से रतलाम और नीमच की ओर जाने वाले यात्रियों को लंबे समय तक ट्रेनें नहीं मिलेंगी,



जिससे लोगों को काफी असुविधा हो सकती है।ये प्रमुख ट्रेनें रहेंगी रद्द

उज्जैन-चित्तौड़गढ़ मेमू (69231/32)- अब यह ट्रेन उज्जैन से रतलाम तक ही चलेगी। रतलाम से चित्तौड़गढ़ के बीच सेवा निरस्त।

यमुना ब्रिज-रतलाम पैसेंजर (19817/18)- यह ट्रेन अब केवल नीमच से आगरा के बीच चलेगी। नीमच से रतलाम के बीच बंद।

रतलाम-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस (19326/27)- यह ट्रेन उदयपुर से नीमच तक ही चलेगी। रतलाम से नीमच तक रद्द।

मंदसौर से ट्रेन पकड़ने वालों को ये रहेंगी सुविधाएं

मंदसौर स्टेशन से दिन में अधिकांश ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा। यात्रियों को सीमित समयों में ही कुछ ट्रेनें मिलेंगी-

रतलाम की ओर जाने के लिए

सुबह 7:15 बजे भीलवाड़ा-रतलाम डेमू

सुबह 8:45 बजे भगत की कोठी-काचीगुड़ा एक्सप्रेस

इसके बाद सीधे शाम 4:15 बजे चित्तौड़-रतलाम डेमू

नीमच की ओर जाने के लिए

सुबह 7:45 बजे इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस

सुबह 8:30 बजे काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस

सुबह 11:30 बजे रतलाम-चित्तौड़ डेमू

सुबह 11:35 बजे कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस

फिर सीधे रात 8:00 बजे रतलाम-भीलवाड़ा डेमू

# चुराए जेवरों को गलवाकर बनवाया 65 ग्राम का बिस्किट, एक साल बाद खुला राज



भोपाल। कोहेफिजा क्षेत्र में एक साल पहले हुई करीब छह लाख रुपये की चोरी का खुलासा पुलिस ने किया है। जिस घर में महिला के जेवर चोरी हुए थे, उसका देवर ही चोर निकला। आरोपित ने भाभी के हार, कड़े और चूड़ियों को गलवाकर सोने का एक बड़ा 65 ग्राम वजनी बिस्किट बनवा लिया था। पुलिस ने उस ज्वैलर को भी आरोपित बनाते हुए गिरफ्तार किया है।

**बिस्किट की कीमत करीब छह लाख रुपये**-जब्त सोने के बिस्किट की कीमत करीब छह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार पिछले वर्ष 23 मई को कोहेफिजा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रूबा अली ने घर की आलमारी में रखे सोने के दो कड़े, एक चुड़ी और हार के चोरी होने की शिकायत की थी। तब पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। जांच में सामने आया कि महिला के देवर समीर उर्फ सैंकी अली ने चोरी को अंजाम दिया।बेचने के लिए ग्राहक की तलाश

उसने अपने साथी राकेश साहू की मदद से ज्वेलरी को गलाकर सोने का बिस्किट बनवा लिया था और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनसे 65 ग्राम सोना बरामद किया है।

# ओंकारेश्वर बांध के 14 गेट खोले, निचले क्षेत्र में घाटों से दुकानों को हटाया



खंडवा। वर्तमान में ओंकारेश्वर बांध का जलस्तर 195.18 मीटर है। सोमवार सुबह बांध के नौ गेट खोलकर 1614 क्यूमेक्स और विद्युत गृह से 1896 क्यूमेक्स अर्थात कुल 3510 क्यूमेक्स पानी बांध के निचले क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है। इससे बांध का जलस्तर नियंत्रित नहीं होने पर मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे से गेटों की संख्या बढ़ाकर 14 कर दी गई है।

ओंकारेश्वर बांध के 23 में से 14 रेडियल गेटों से लगभग 4172 क्यूमेक्स और पावर हाउस से 1896 क्यूमेक्स सहित कुल 6068 क्यूमेक्स पानी छोड़ने से ओंकारेश्वर में नर्मदा के सभी घाट जलमग्न हो गए हैं।

स्नान पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को दोपहर दो बजे से अपस्ट्रीम में स्थित इंदिरा सागर बांध के 20 में से खुले हुए 12 गेट की ऊंचाई बढ़ा दी गई है।इन गेटों से लगभग 4236 क्यूमेक्स और पावर हाउस से 1840 क्यूमेक्स सहित कुल 6076 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोपहर में ओंकारेश्वर बांध के गेटों की संख्या बढ़ाई गई है।

नर्मदा के जलस्तर को देखते हुए बांध के डाउनस्ट्रीम में जनसामान्य को नदी के किनारों से दूर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा घाटों से दुकानों को हटवाया गया है।

## मामूली घरेलू विवाद ने छीनी महिला की जिंदगी

मोरटाकेवड़ी। एक मामूली घरेलू विवाद ने एक महिला की जिंदगी छीन ली। मध्यप्रदेश के अमस्याखेड़ी गांव में एक महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में सुलझा ली है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि महिला का पति ही निकला। महज भोजन न बनाने की बात पर पति ने पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी।

क्या थी पूरी घटना? 24 जुलाई की रात पुलिस को सूचना मिली कि अमस्याखेड़ी में 45 वर्षीय महिला संतोषबाई गुर्जर अपने घर में मृत पड़ी है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो महिला के सिर पर गंभीर चोट और गले पर दबाव के निशान साफ नजर आए। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध नजर आया, लेकिन जब एक चश्मदीद गवाह सामने आया, तो सारा रहस्य खुल गया।

गवाह ने बताया कि महिला की हत्या उसके पति भेरूसिंह गुर्जर ने ही की है। पूछताछ में भेरूसिंह ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि घटना के दिन उसने संतोषबाई से खाना बनाने को कहा था। जब उसने मना किया, तो भेरूसिंह ने गुस्से में आकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। पहले उसके बाल पकड़कर सिर दीवार पर मारा, फिर गला दबाकर जान ले ली।

# 5 दिन से मूंग-उड़द की खरीदी ठप... सर्वर डाउन, किसानों में बढ़ी भारी नाराजगी



जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में मूंग और उड़द की सरकारी खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। बीते पांच दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण किसान अपनी उपज के लिए स्लॉट तक बुक नहीं कर पा रहे हैं। जहां एक ओर सरकार तकनीकी खामी की बात कहकर पल्ला झाड़ रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। भारत कृषक समाज ने सरकार पर खरीद के नाम पर ढोंग रचने का आरोप लगाया है।

जबलपुर जिले में मूंग और उड़द की खरीदी फिर एक बार ठप हो गई है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुक करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य समस्या तकनीकी बताई जा रही है ‌कभी सर्वर स्लो हो जाता है, तो कभी साइट ही नहीं खुलती। यह स्थिति गुरुवार से बनी हुई है, लेकिन सोमवार को भी ऐसी ही दिक्कतें सामने आई थीं। बावजूद इसके, समाधान अब तक नहीं निकला।खरीदी प्रक्रिया की जिम्मेदारी निभा रहे कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भोपाल में उच्चाधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है, लेकिन किसानों को राहत कब मिलेगी, इसका कोई जवाब नहीं है। इस बीच, भारत कृषक समाज के अध्यक्ष इंजीनियर के.के. अग्रवाल ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार शुरुआत से ही मूंग-उड़द की खरीदी को लेकर गंभीर नहीं थी। किसानों के दबाव में खरीदी शुरू तो हुई, लेकिन अब तकनीकी दिक्कतों का बहाना बनाकर खरीदी से किनारा किया जा रहा है।

उन्हें आशंका है कि सरकार जानबूझकर व्यवस्था को विफल कर रही है, ताकि किसान मजबूर होकर अपनी उपज मंडियों में औने-पौने दामों पर व्यापारियों को बेच दें। अग्रवाल के अनुसार, पहले ही बड़ी संख्या में किसान मंडियों में कम दामों पर अपना माल बेच चुके हैं।

जिले में स्थापित 11 उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। किसानों का आरोप है कि केंद्रों पर तुलाई में देरी होती है, सर्वेयर उन्हें बेवजह परेशान करते हैं और कई बार गुणवत्ता खराब बताकर माल रिजेक्ट कर दिया जाता है। साथ ही यह भी आरोप लगाए गए हैं कि उपार्जन केंद्र के संचालक, सर्वेयर और कंप्यूटर ऑपरेटर मिलकर मिलीभगत से चहेतों की खराब गुणवत्ता वाली मूंग-उड़द खरीद रहे हैं।

किसानों ने खरीदी में पारदर्शिता लाने और माल की गुणवत्ता की दोबारा जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर दीपक सक्सेना को ज्ञापन सौंपते हुए मामले को शासन तक पहुंचाने की अपील की है।

इस बीच, ग्राम जरौंद स्थित तेजस वेयरहाउस पर भी अनियमितता की शिकायत मिलने पर कृषि उपसंचालक डॉ. एस.के. निगम के निर्देश पर निरीक्षण हुआ, जिसमें 11 ट्रालियां मूंग बिना एफएक्यू (ग्रत्त) जांच के गोदाम में भरी पाई गईं। अब आदेश दिया गया है कि सोमवार से एफएक्यू मानक के अनुसार ही खरीदी की जाए और नोडल अधिकारी की उपस्थिति में प्रक्रिया हो।




# नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का सांस्कृतिक प्रयास है सदानीरा प्रदर्शनी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने 30 मार्च से 30 जून 2025 तक 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया। सम्पूर्ण प्रदेश में चले इस अभियान में जनभागीदारी की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित की नदियों, जलस्त्रोतों व जल संरचनाओं को संरक्षित करने 2 लाख 30 हजार 740 से अधिक जलदूतों ने पंजीयन कराया। अभियान के अंतर्गत अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए मध्यप्रदेश में 84 हजार 726 खेत तालाब, 1 लाख 4 हजार 276 कूप रिचार्ज पिट और 1283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। इतना ही नहीं जल संचय करने वाले जिलों में खंडवा देशभर में नबर वन बना और राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश, देश में चौथे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी ÷सदानीरा÷ का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार भी मौजूद रहे।

नदी संरक्षण वैज्ञानिक दायित्व के साथ सांस्कृतिक चेतना का भी है आह्वान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की एक अलग पहचान स्थापित की है। यह अभियान अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अभियान की अभूतपूर्व उपलब्धियां को प्रदर्शनी के रूप में संयोजित किया गया है। यह प्रदर्शनी नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का एक सांस्कृतिक प्रयास है। नदियां जलधाराएं ही नहीं, हमारी स्मृतियों, परंपराओं और जीवन की आधारशिला है। नदी संरक्षण केवल वैज्ञानिक दायित्व नहीं, अपितु सांस्कृतिक चेतना का आह्वान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल तथा फोर लेन मुक्ताकाशी परिसर में केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

वीर भारत न्यास ने किया प्रदेश की जलीय विविधता को प्रदर्शित- प्रदर्शनी में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों, प्रदेश की बावड़ियों, जलीय जीवन के प्राणतत्व-जलचर, अमृतस्य नर्मदा, उपग्रह की नजर से प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाओं जैसी प्रदेश की जलीय विविधता को वीर भारत न्यास द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहयोगी संस्थाएं हैं।

## श्री ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



इंदौर। ओंकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक सोमवार को ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, संभागायुक्त इंदौर संभाग श्री दीपक सिंह, कलेक्टर खंडवा श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय, नगर परिषद ओंकारेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा परिहार एवं एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी तथा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि मंदिर में प्रचलित परंपराओं में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, सभी परंपराओं का पहले की तरह ही पालन किया जाएगा। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि ममलेश्वर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं को पहले से अधिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से मंदिर प्रबंधन समिति का गठन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रबंधन समिति की अगली बैठक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाए। संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि ममलेश्वर मंदिर परिसर में विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से तैयार कराई जाए, और उसी के हिसाब से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जाएं।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 4 अगस्त को

इंदौर। राज्य शासन की मंशा के अनुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में संयुक्त रोजगार मेला (युवा संगम) जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 04 अगस्त सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दा नगर में आयोजित होगा। उप संचालक (रोजगार) श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया हेतु मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- Jash Engineering, विशाल फेब टेक, कैश न्यू हॉलेण्ड कन्ट्रक्शन, टी.के. एग्रो प्रायवेट लिमिटेड, औशियन मोटर्स, श्याम टाटा मोटर्स, डी-मार्ट, रूपरंग स्टोर्स, मिग्मा पेट्रोन, एयर विन्सीबल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाकर ECCE के लक्ष्यों की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश

इंदौर। अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (श्रष्टष्टश्व) की प्रभावी कार्ययोजना तब ही संभव है जब हम विभागीय मैदानी अमले के अनुभवों और संसाधनों का व्यावहारिक उपयोग करें। आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में निर्णायक कदम है। श्रीमती शमी ने यह भी रेखांकित किया कि ECCE नीति की सफलता का आधार उसके क्रियान्वयन में लगे अमले की सहभागिता है। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी अनुभवों का समावेश आगामी कार्ययोजना की दिशा तय करेगा।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती शमी रविवार को मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत




"Human Capital for Viksit Bharat" विषय की उप-थीम "ECCE: Laying the Foundation" पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रविवार को भोपाल के होटल लेक व्यू रेसीडेंसी में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थी।

आयुक्त महिला एवं बाल विकास, श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने कहा कि ECCE विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की निरंतर दक्षता विकास को आवश्यक बताते हुए कहा कि आज के आंगनवाड़ी केंद्रों में पल रहे बच्चे ही कल की निपुण मानव पूंजी हैं। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत द्व-त्नश्चज्ञ ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का नियमित उपयोग परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को अद्यतन रखने में सहायक होगा।

समूह चर्चा के माध्यम से सुझावों का संकलन- कार्यशाला में प्रतिभागियों को पाँच समूहों में बाँटकर पाँच प्रमुख विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इन समूहों से प्राप्त सुझावों का समेकन कर ECCE को सशक्त बनाने हेतु एक व्यावहारिक एवं ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## पित्रेश्वर हनुमान के स्वरूप में अद्भुत सजे वीर अलीजा सरकार, प्राकृतिक झांकी दिव्य दर्शनों के लिए कतार



इंदौर । पश्चिम क्षेत्र के दिव्य स्थान वीर लिया सरकार हनुमान जी को पित्रेश्वर हनुमान स्वरूप में साथ सज सज्जा की गई थी, इस अद्भुत अनुपम दृश्य को देखने के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लगी हुई रही गादीपति पवनांद महाराज ने बताया कि वीर अलीजा सरकार का यह अद्भुत श्रंगार रविवार रात से ही भक्तों ने शुरू कर दिया था सुबह स्वर्ण परत में श्रृंगार का अद्भुत नजारा नैना में राम लग रहा था, भक्तों ने वीर आलिया सरकार के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र को गूंज मन कर रहे थे लंबी-लंबी कटारे सुबह से देर रात तक दर्शनों के क्रम के लिए लगी रही, वीर आलिया सरकार की प्रतिमा के समीप प्राकृतिक वातावरण के साथ मान्य प्राणियों की मौजूदगी भी छत को भाव बना रही थी। इधर मंदिर परिसर में संतानेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन पूरे सावन महीने चल रहा है आज सुबह दिव्य श्रृंगार भी किया गया। संस्कृत विद्यापीठ के बटुक एवं आचार्य विद्वान जन भी मंत्र उपचार के साथ अभिषेक पूजन में विशेष भूमिका निभा रहे हैं।

## कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन के अमले ने आज 150 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन का कब्जा प्राप्त किया। उक्त भूमि पर कब्जा कर बनाये गए अवैध निर्माण ध्वस्त किये गए और अवैध रूप से बोई गई फसल को भी हटाया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा खेड़ापति हनुमान मंदिर की पिपल्याकुमार स्थित खसरा क्रमांक-206 की जमीन के संबंध में सभी बटांकन के नामांतरण आदेश को निरस्त किया गया है। उक्त जमीन खेडापति मंदिर एवं श्रीराम मं?दिर व्यवस्थापक कलेक्टर के नाम से शासकीय अभिलेखों में दर्ज की गई।

एसडीएम श्री प्रदीप सोनी ने बताया कि उक्त आदेश के परिपालन में आज जिला प्रशासन के अमले द्वारा नगर निगम के सहयोग से ग्राम पिपलियाकुमार स्थित भूमि खसरा क्रमांक-206 के समस्त बटांकन का कुल रकबा 1.1890 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा लिया गया। मौके पर उक्त भूमि शासकीय मंदिर के स्वामित्व होने संबंधी सूचना पटल भी लगाया गया है। इस सूचना पटल के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उक्त भूमि ग्राम पिपलियाकुमार खसरा क्रमांक-206 शासकीय भूमि श्री राम एवं खेड़ापति मंदिर की है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश, कब्जा,?निर्माण अथवा किसी भी तरह का उपयोग अवैधानिक है। किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि पाये जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

बताया गया कि मंदिर की ज़मीन बेचने का अधिकार पुजारी को कभी भी नहीं था । फिर भी उक्त जमीन को बेच दिया गया । क़ानून में मंदिर को नाबालिग माना है , जिसकी संपत्ति के अभिरक्षा करने का दायित्व संबंधित जिला कलेक्टर को है , मंदिर की भूमि से होने वाली आय भी मंदिर के खाते में जाना चाहिए । परंतु कुछ भू माफियाओं ने कूट रचित और अवैधानिक विक्रय पत्र से नामांतरण करवा लिए । कलेक्टर आशीष सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और राजस्व बोर्ड के आदेश के अनुक्रम में सारे नामांतरण निरस्त कर दिये।

## विश्व ब्राह्मण समाज संघ की सामाजिक समरसता पहल, सनातन संस्कृति, पर्यावरण के साथ पारिवारिक मूल्यों को जोड़ने का देंगे संदेश



इंदौर। विश्व ब्राह्मण समाज संघ प्रतिवर्ष इंदौर से भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव तक भव्य कार कावड़ यात्रा सामाजिक समरसता के संदेश के साथ निकली जाती रही है, इस बार भी 3 अगस्त को भी कार कावड़ यात्रा निकाली जाएगी इसकी प्रारंभिक बैठक हंस दास मठ पर आयोजित की गई, जिसमें अनेक समाज संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पं.योगेंद्र महंत ने बताया कि वर्तमान समय में पारिवारिक मूल्य को जोड़ने,सनातन संस्कृति को बनाए रखना एवं पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है इन्हीं उद्देश्यों के साथ समाज के सभी वर्गों को एकत्रित कर शिव परशुराम कार कावड़ यात्रा सामाजिक समरसता का संदेश देगी। हंस दास मठ पर आयोजित बैठक में बैठक में प्रमुख रूप से पं. विजय बोडखा, पं. पवन दास शर्मा महाराज, पं गोविंद शर्मा, श्रीमती अर्पणा जोशी, श्रीमती रजनी पांडे, श्रीमती डिंपल शर्मा, श्रीमती प्रमिला शर्मा , अनंत महंत, संजय मिश्रा , विनीत त्रिवेदी, सुरेश पाठक, गोपाल भारद्वाज, राजीव शर्मा जयदीप जैन, रमाकांत गुप्ता, वंदना डोषी, शरद शेखावत आदि ने यात्रा को सामाजिक समरसता और समाज के हर वर्ग को जोड़ने का संकल्प लिया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# नाग पंचमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब 6 लाख से अधिक भक्तों ने किए भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन

उज्जैन। साल में एक बार नाग पंचमी के अवसर पर खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट रात्रि 12 बजे खोले गए ।

सर्वप्रथम मंदिर के पट खुलने के बाद श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाडा श्री महाकालेश्वर मंदिर के महंत श्री विनीतगिरी महाराज जी ने विधि-विधान से श्री नागचंद्रेश्वर भगवान का पूजन अर्चन किया ।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

श्री नागचंद्रेश्वर की प्रतिमा के पूजन के पश्चात श्री नागचंद्रेश्वर के शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया गया । पूजन अर्चन के बाद भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए गए। श्री नागचंद्रेश्वर की प्रतिमा के पूजन के पश्चात श्री नागचंद्रेश्वर के शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया गया ।




पूजन अर्चन के बाद भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए गए। साल में एक बार खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए 28 जुलाई 2025 की रात से ही कतार में लगकर श्रद्धालु पट खुलने का इंतजार कर रहे थे ।

श्री महाकालेश्वर भगवान को भस्मार्ती में रजत शेषनाग धारण करवाया गया श्री महाकालेश्वर मंदिर में नागपंचमी के पर्व पर श्री महाकालेश्वर भगवान को शेषनाग धारण करवाया गया। कोटितीर्थ कुंड पर श्री आशीष पुजारी द्वारा श्री शेषनाग भगवान के पंचामृत, पूजन-अर्चन-आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर भगवान को भस्मार्ती में रजत के शेषनाग धारण करवाये गये।

अपराह्न 12 बजे हुई अखाड़े से पूजन, पूजन उपरांत श्री महाकालेश्वर के शिखर का ध्वज भी बदला श्री महाकालेश्वर मंदिर के द्वितीय तल पर श्री नागचन्द्रेश्वर भगवान की अपराह्न 12 बजे श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत श्री विनितगिरी जी महाराज द्वारा पूजन किया गया। पूजन पश्यात श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर लगाये जाने वाले ध्वज का पूजन कर नवीन ध्वज लगाया गया। श्री महाकालेश्वर की सायं आरती के पश्चात श्री नागचंद्रेश्वर भगवान की पूजन-आरती श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी-पुरोहित द्वारा की गई। पूजन के दौरान भी श्री नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन सतत चालू रहे।

प्रशासन द्वारा की गई सुगम दर्शन व्यवस्था वर्ष में एक बार खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिये हर श्रद्धालु आतुर रहते है और दूर-दूर से लोग यहां दर्शन लाभ लेने के लिये आते हैं। इस बार श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने दर्शनार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके हरसंभव प्रयास किये गये।

# उज्जैन ब्रांच में हुआ एआई सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन एआई से सीए प्रोफेशन में चुनौतियों के साथ-साथ नए अवसर भी



उज्जैन। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की एआई कमेटी द्वारा उज्जैन ब्रांच में एक तीन दिवसीय एआई सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उज्जैन ब्रांच के चेयरमैन सीए अक्रित जैन ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से बढ़ता उपयोग आज के समय में हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है, और चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि एआई न केवल सीए प्रोफेशन में नई चुनौतियां पेश कर रहा है, बल्कि इससे नए अवसरों के द्वार भी खुल रहे हैं, जैसे डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन, फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन आदि। कोर्स में बतौर मुख्य वक्ता सीए अतुल गुप्ता, सीए श्रेयश धारकर और सीए प्रणय सिंह चौहान विशेष रूप से इंदौर से पधारे। उन्होंने एआई के विभिन्न आयामों और सीए प्रोफेशन में इसके प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। इस सर्टिफिकेट कोर्स में उज्जैन के साथ-साथ देवास, बड़नगर, नागदा आदि स्थानों से 30 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

# रफी की याद में गीतों की शाम



उज्जैन। 27 जुलाई 2025 को स्थानीय कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में गीत म्यूजिक अकादमी के तत्वाधान में संगीत संचालक जयेंद्र रावल के संगीत निर्देशन में शहर के चुनिदा सुरीले गायक/गायिकाओं ने स्व. मोहम्मद रफी साहब की याद में उन्ही के गाये हुए सदाबहार फिल्मी गीतों के माध्यम से स्वरांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश शितलानी, प्रीति दीक्षित और रवि गुप्ता थे। कार्यक्रम में कीर्ति जायसवाल, भारती सोनी, स्वाति दुबे, प्रियांशु मारू, अंजनेश शर्मा, मुकेश सोनी, सुधांशू जोशी आदि।

# लायंस क्लब उज्जैन सुरभि द्वारा जिला जेल में लाइब्रेरी की स्थापना, दो सिलाई मशीन की गई भेंट



उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन सुरभि के तत्वाधान में संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में रहने वाली मयूरी सक्सेना के सौजन्य से क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व झोन चेयरपर्सन लायन डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव के संयोजन एवं मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट जेल भैरवगढ़ में कैदी महिलाओं हेतु दो नई सिलाई मशीनें तथा लाइब्रेरी स्थापित करने हेतु एक नई अलमारी, धार्मिक, नैतिक शिक्षा विभिन्न कौशल शिक्षण जैसे सिलाई, पाक शास्त्र, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नई पुस्तकें भेंट की गई। जेल अधीक्षक द्वारा क्लब सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। सर्वप्रथम इस सेवा कार्य के क्रियान्वयन एवं मयूरी सक्सेना की तंत्रिका तंत्र की ए.एल.एस. की लाइलाज बीमारी होने पर भी उनकी अपने देश के प्रति स्नेह, सम्मान एवं परोपकारी सोच की विस्तृत जानकारी लायन डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉक्टर संतोष गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार सचिव लायन डॉक्टर सुधा गुप्ता द्वारा व्यक्ति किया गया। कार्यक्रम में जिला जेल अधीक्षक, जिला जेल की समस्त महिला कर्मचारी एवं समस्त महिला कैदी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉक्टर संतोष गुप्ता द्वारा किया गया। आभार सचिव लायन डॉक्टर सुधा गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

# नागिन की धुन पर थिरके व्यायाम प्रेमी, नाग पंचमी पर हुआ अनूठा आयोजन

## सरि सर्प की सुरक्षा के लिए हुआ 'सांप को दूध मत पिलाओ'



उज्जैन। भगतजी सेवा संस्थान एवं विक्रम वाटिका ग्रुप द्वारा नाग पंचमी के शुभ अवसर पर सरि सर्प की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु अनूठा आयोजन सांप को दूध मत पिलाओ किया गया।

उज्जैन के कोठी रोड पर काले वस्त्र धारी भ्रमण प्रेमियों का जमावड़ा प्रातः काल से लगा हुआ था। उल्लास आनंद मस्ती के साथ सरि सर्पों के संरक्षण एवं पर्यावरण बचाओ का संदेश भी निहित था। आयोजन समिति के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने अपने अंदाज में कहा कि ...सपेरे बांबी पर बिन लिए बैठे हैं ..सांप भी बहुत चालू है दूरबीन लिए बैठे हैं....सपेरे सांप का काटा फोन पर उतरते हैं, साँप भी बहुत चालू है मोबाइल पर काटते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम के मेयर मुकेश टटवाल थे। अध्यक्षता मंगल बामनिया ने की। विशेष अतिथि पंडित हेमंत व्यास थे। इस अवसर पर पुरुष एवं महिला वर्ग की विभिन्न रोचक स्पर्धाएँ संपन्न हुई। रोचक खिताब प्रदान किए गए। सर्वप्रथम मेयर मुकेश टटवाल ने बीन बजाकर साँप की डलिया से आस्तीन का सांप निकाल कर सरिसर्प को बचाने का संदेश दिया। रोचक स्पर्धा में लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड सांपों की दादी उषा छजलानी को दिया गया। मिस सर्पिणी का खिताब एडवोकेट आरती ठाकुर को दिया गया। फुफकारती नागिन मौसमी रोचवानी रही, शाही नागिन संध्या तैलंग, भोली नागिन शशि अग्रवाल, सर्पों की राजकुमारी मीनल अरोरा, पुरुष वर्ग में सांपों का बादशाह मिलिंद तेलंग, सांपों का राजकुमार अशोक दाता, नागों का सरताज गजेंद्र जैन, शाही डेडू सत्यनारायण वर्मा, आस्तीन का सांप रवि गुप्ता को दिया गया। मेयर मुकेश टटवाल ने जीवित नर नारी को दुग्ध पान करवाया। आभार प्रदर्शन मंगल बामनिया ने किया। इस स्पर्धा के निर्णायक अरुण रोचवानी एवं वीणा परमार थी। समारोह के अंत में नागिन की धुन पर विभिन्न जोड़ों ने जमकर नृत्य भ्रमण प्रेमियों ने किया।

# पर्यावरण रक्षा के लिए 101 पौधे वितरित



उज्जैन। माधव नगर सिंधी समाज एवं सिंधी साहित्य पंचायत, राष्ट्रीय सिंधी महिला मंच द्वारा समाजसेवी दीपक बेलानी के जन्म उत्सव पर एक पौधा मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा के लिए 101 पौधे वितरित किये। साथ संकल्प लिया कि समाज का हर व्यक्ति अपने जन्म दिवस पर 11 पौधे लगाये।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेवी नारायण यादव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े बेटे वैभव यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल हाड़ा, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र कुलमी, विजय व्यास, समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहड़ा, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, महेश परियानी, गोपाल बलवानी, दौलत खेमचंदानी, महेश सीतलानी, धर्मेंद्र लालवानी, डॉ. मुकेश जेठवानी, दयाल वाधवानी, मनोज दुधवानी, भरत पोरवाल, भोला पहलवान, शेखर राठोर, पत्रकार राजेंद्र पुरोहित, महेंद्र सिंह बेस, उदय चंदेल, शादाब अंसारी, जितेंद्र ठाकुर, रवि सेन, धर्मेंद्र राठौर, आशीष जैन, मयूर अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सौरभ बेलानी, नितिन भिमानी, बबलू भैया एवं समस्त मित्र मंडल, हरिओम मॉर्निंग ग्रुप के साथी, राष्ट्रीय महिला मंच की सभी मातृशक्ति बहनें सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com